# OFFICE OF THE PRINCIPAL

PATNA MEDICAL COLLEGE, PATNA
ASHOK RAJPATH, PATNA-800004 (BIHAR)

पत्रांक ....8605....  दिनांक ....13/11/25....

सेवा में,

निदेशक,

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,

बिहार, पटना।

महाशय,

पटना मेडिकल कॉलेज, पटना में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पटना मेडिकल कॉलेज, पटना के विभिन्न विभागों में किट्स, केमिकल एवं ग्लासवेयर की आपूर्ति हेतु अधिकृत विक्रेता एवं आपूर्तिकर्ता से मुहरबंद निविदा प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के अन्दर केवल निबंधित / स्पीडपोस्ट डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्राप्ति अंतिम तिथि को शाम पांच बजे तक होगी। निविदा की आवश्यक शर्त,कट्स, केमिकल एवं ग्लासवेयर का लिस्ट एवं निविदा विवरणी निविदा प्रकाशन पश्चात प्राचार्य कार्यालय, पटना मेडिकल कॉलेज, पटना से पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है अथवा कॉलेज के वेबसाइट patnamedicalcollege.edu.in पर देखा जा सकता है।

निविदा के प्रकाशन हेतु निविदा की प्रति छः प्रतियों में तथा एक पेन ड्राइव प्रेषित करते हुए आग्रह है कि बिहार से प्रकाशित समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा करेंगे।

किन किन समाचार पत्रों में इसका प्रकाशन किया गया है उसकी सूचना अद्योहस्ताक्षरी को देने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

13.11.25

प्राचार्य

पटल मेडिकल कॉलेज, पटना।

13/11/25 13-11-25 13/11/25

अनुलग्नक :

यथा उपरोक्त छः प्रति,

विज्ञापन प्रकाशन संबंधित प्रपत्र

एवं एक पेन ड्राइव।

<u>प्राचार्य का कार्यालय, पटना मेडिकल कॉलेज, पटना।</u>

पत्रांक 8605 | दिनांक 13/11/25

## निविदा सूचना

पटना मेडिकल कॉलेज, पटना में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पटना मेडिकल कॉलेज, पटना के विभिन्न विभागों में किट्स, केमिकल्स एवं ग्लासवेयर की आपूर्ति हेतु अधिकृत विक्रेता एवं आपूर्तिकर्ता से मुहरबंद निविदा प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के अन्दर केवल निबंधित / स्पीडपोस्ट डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्राप्ति अंतिम तिथि को शाम पांच बजे तक होगी। निविदा की आवश्यक शर्त, किट्स, केमिकल एवं ग्लासवेयर का लिस्ट एवं निविदा विवरणी निविदा प्रकाशन पश्चात प्राचार्य कार्यालय, पटना मेडिकल कॉलेज, पटना से पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है अथवा कॉलेज के वेबसाइट patnamedicalcollege.edu.in पर देखा जा सकता है।

प्राचार्य 13/11/25

पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना।

13/11/25 13-11-25 13/11/25

प्राचार्य का कार्यालय, पटना मेडिकल कॉलेज, पटना।

संख्या 7514 दिनांक 26/9/25

# निविदा सूचना

पटना मेडिकल कॉलेज, पटना में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पटना मेडिकल कॉलेज, पटना के विभिन्न विभागों में किट्स, केमिकल एवं ग्लासवेयर की आपूर्ति हेतु अधिकृत विक्रेता एवं आपूर्तिकर्ता से मुहरबंद निविदा प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के अन्दर केवल निबंधित / स्पीडपोस्ट डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्राप्ति अंतिम तिथि को शाम पांच बजे तक होगी। अंतिम तिथि को रविवार या राजपत्रित अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को शाम 5.00 बजे तक स्वीकार की जायगी। निविदा की आवश्यक शर्त एवं निविदा विवरणी निविदा प्रकाशन पश्चात पूर्वाह्न 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक प्राचार्य कार्यालय, पटना मेडिकल कॉलेज, पटना से प्राप्त किया जा सकता है अथवा कॉलेज के वेबसाइट patnamedicalcollege.edu.in पर देखा जा सकता है।

**निविदा की आवश्यक शर्तें: –**

1. निविदा दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से देय होगा। निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग अलग मोहरबंद लिफाफा में भेजना होगा। ( तकनीकी लिफाफे के उपर तकनीकी एवं वित्तीय लिफाफे के उपर वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिये ) दोनों निविदा एक बड़े लिफाफे में मुहरबन्द होगा।
2. तकनीकी निविदा में सामानों की सूची के अनुसार सामग्रियों की केवल गुणवत्ता / पूर्ण विशिष्टता / ब्रांड ( कम्पनी का नाम ) आदि का विवरण होगा तथा किसी भी स्थिति में तकनीकी निविदा में दर अंकित नहीं किया जायेगा, अन्यथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।
3. वित्तीय निविदा में सभी सामग्रीयों का नाम/मेक के अनुरूप मूल्य सहित स्पष्ट रूप से कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सामानों की सूची के क्रमानुसार दर अंकित करना होगा। जी. एस. टी. की दर प्रतिशत में उल्लेखित करना आवश्यक होगा।
4. निविदा कम्प्यूटर से टंकित होना चाहिये। किसी भी परिस्थिति में हस्तलिखित निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. निविदा की अंतिम तिथि के दूसरे कार्य दिवस को अपराह्न 12.30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि प्राधिकार पत्र, व्यक्तिगत पहचान पत्र के साथ उपस्थित रह सकते हैं।
6. सामानों को भंडार में पहुँचाने पर अलग से कोई राशि देय नहीं होगी। आपूर्ति आदेश के 15 दिनों के अन्दर सामान अवश्य उपलब्ध कराना होगा। आयकर की कटौती सरकार के नियमानुसार भुगतान के समय कार्यालय द्वारा की जायेगी।
7. तकनीकी निविदा सही पाये जाने पर उसी फर्म की ही वित्तीय निविदा विचारार्थ खोली जाएगी।
8. निविदा में माँगी गयी विशिष्टता/मेक का तकनीकी निविदा में विवरणी अंकित करना तथा वित्तीय निविदा में उसका दर अंकित करना अनिवार्य होगा।
9. निविदा की स्वीकृति या अस्वीकृति के लिए क्रय समिति का निर्णय अंतिम होगा। क्रय समिति को बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा पटना स्थित न्यायालय में होगा।
10. (a) तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करने वाले अनिवार्य आवश्यक कागजातों की सूचीः–

i. फर्म / एजेन्सी का रजिस्ट्रेशन

ii. जीएसटी पंजीकरण

iii. अद्यतन आयकर भुगतान विवरणी।

iv. पैन कार्ड की छायाप्रति ।

v. अग्रधन राशि के रूप में रूपये 5000/– का बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति जो PRINCIPAL, PATNA MEDICAL COLLEGE, PATNA के पदनाम से देय होगा। अनुमोदित निविदादाता का अग्रधन राशि दर अनुमोदित पश्चात जमानत राशि के रूप में जमा रहेगा तथा अन्य निविदादाता को अग्रधन राशि लौटा दी जाएगी।

vi. निविदा में संलग्न किए गए सभी पृष्ठ हस्ताक्षरित एवं पृष्ठांकित होना अनिवार्य है।

vii. निविदादाता का दर अनुमोदित होने पर निविदादाता को अद्यतन फार्म C—IV की छायाप्रति आपूर्ति आदेश निर्गत होने से पूर्व कार्यालय में उपलब्ध करना अनिवार्य होगा।

viii. निम्नलिखित कंडिका के साथ **शपथ पत्र** की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है, जो निम्न है :–

a. निविदा में दिए गए सभी शर्त मुझे मान्य है।

b. मेरे फर्म को किसी भी सरकारी/ गैर सरकारी संस्था द्वारा कभी भी काली सूची में दर्ज नही किया गया है।

c. मेरे फर्म का नाम कभी भी किसी आपराधिक मामला में दर्ज नहीं है, तथा न्यायालय द्वारा दंडित नहीं किया गया है।

d. निविदा में अंकित दर बाजार मूल्य / मुद्रित मूल्य से अधिक नहीं है तथा होलसेल रेट पर है। यदि भविष्य में अंकित किया गया दर अधिक प्रमाणित होता है तो अधिक राशि सूद सहित वापस कर दी जाएगी।

11. वित्तीय निविदा के साथ संलग्न करने वाले अनिवार्य आवश्यक कागजातों की सूची–

(1) वित्तीय निविदा में कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये सामानों की सूची के अनुसार क्रमवार दर जी. एस. टी. रहित एवं जी.एस.टी. सहित अंकित करना होगा ।

12. निविदा के तकनीकी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूनतम दर दाता को आपूर्ति आदेश निर्गत किया जाएगा। न्यूनतम दर निविदादाता द्वारा सामान की आपूर्ति नही करने पर द्वितीय न्यूनतम दर निविदादाता को नियमानुसार आपूर्ति आदेश निर्गत किया जाएगा तथा सामान आपूर्ति नहीं करने वाले न्यूनतम दर दाता को काला सूची में डाल दिया जायगा।

प्राचार्य

पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना